हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 जून 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 हरे-भरे वृक्षों पर चल रही कुल्हाड़ी



10 एडवांस में स्लीपर से ज्यादा एसी कोच की ...



## खबर संक्षेप

### ग्राम बोरी में सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव 9 को

**लाटाबोड़।** ग्राम बोरी में सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस एवं सत्संग समारोह का आयोजन 9 जून रविवार को रखा गया है। कबीर पंथी समाज के संरक्षक राजू राम साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे से शोभायात्रा के साथ होगी। उसके बाद सत्संग प्रवचन 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। फिर भोजन प्रसादी का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे होगा। शाम 4 बजे चौका आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। श्री साहू ने बताया कि प्रवचनकर्ता महंत श्री बिरेन्द्र साहेब जी एवं भजन मंडली सुरडोंगर होंगे।

### चौराहों पर लगी एलईडी स्क्रीन

**बालोद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मंगलवार 4 जून को होने वाले मतगणना के संबंध में आम जनता को मतगणना के रूझान की जानकारी देने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बालोद शहर के बस स्टैण्ड, घड़ी चौक एवं झलमला चौक पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इसके माध्यम से प्रत्येक चक्र की समाप्ति के बाद परिणामों की जानकारी दी जाएगी। वहीं, मतगणना और चुनाव परिणाम को लेकर जिले के लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई है।

### आज बंद रहेंगी शराब दुकानें

**बालोद।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर मतगणना दिवस 4 जून को मतगणना स्थल नगर पालिका बालोद स्थित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान सम्पूर्ण दिवस बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 जून को सुबह 11 बजे से रखी गई है। उक्त बैठक में विभिन्न जानकारी दी जाएगी। सभी पेंशनर साथियों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस में लगी आग

**भिलाई।** जिला अस्पताल में खडी एम्बुलेंस में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। घटना रविवार की सुबह पांच बजे की है। मिली जानकारी के मुताबिक एंबुलेंस में आग लग जाने की घटना से लोगों में सनसनी फैल गई। आगजनी के समय एम्बुलेंस में कोई मरीज सवार नहीं था। घटना के समय एम्बुलेंस खाली था। आनन फानन में अस्पताल के कर्मचारियों को आगजनी की सूचना दी गई। सूचना के बाद अस्पताल के कर्मी मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। मशक्कत के बाद एम्बुलेंस के आगजनी पर काबू पाया गया। एम्बुलेंस में लगी आग की लपटे अगर दूसरे वाहनों और अस्पताल के बिल्डिंग तक पहुच सकती थी। मौके पर पहुंची फायर फाइटर की टीम समय पर पहुची और आग पर काबू पाया गया। एम्बुलेंस में आग किस परिस्थित में लगी या फिर किसी ने लगाई है।

### नदी में मिला अज्ञात का शव, शिनाख्त में जुटी

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में अज्ञात युवक के डूबने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को शिवनाथ नदी में युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव का पंचनामा कर मरच्युरी में रख दिया गया है। पुलिस शव का शिनाक्त करने में जुटी हुई है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि अज्ञात की उम्र 45 से 50 वर्ष के करीब होगी। सिर के बाल व दाढ़ी पके हुए है।

## लोकसभा निर्वाचन : कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गणना

# केन्द्र में अब की बार किसकी सरकार? फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना संबंधी जानकारी देने हेतु प्रेसवार्ता की। मतगणना कल 4 जून को प्रातः 8 बजे से शुरू होगी। प्रेसवार्ता ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में मीडिया सेंटर में आयोजित हुई। इसी प्रांगण में तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की जाएगी। इस बार के चुनाव में नई तकनीकों और सख्त सुरक्षा व्यवस्था का उपयोग किया जा रहा है ताकि और बेहतर ढंग मतगणना हो, किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

- मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की जाएगी

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि मतगणना कार्य के लिए ज़िले की प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल लगाई गई है। हर टेबल पर एक -एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साजा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 22 राउंड में और विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना 20-20. राउंड में की जाएगी। मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मतगणना की जाएगी और प्रत्येक चरण की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। इसके अलावा, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के परीक्षण के लिए अतिरिक्त उपाय किए गए हैं। मतगणना के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे कोई भी प्रक्रिया में त्रुटि न हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राउंड के परिणामों की घोषणा समय पर और सटीक रूप से की जाएगी। साथ ही मीडिया कर्मियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे सही और प्रमाणिक जानकारी जनता तक पहुंचा सकें।

### पर्याप्त पुलिस बल तैनातः पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए केंद्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने सभी पत्रकारों एसई निर्धारित प्रवेश द्वार से प्रवेश करने और निर्धारित स्थान पर वाहन पार्क करने कहा। उन्होंने सुरक्षा संबंधी जानकारी से अवगत कराया।



### मतगणना केंद्र में कई चीजों रहेंगी प्रतिबंधित

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग से जारी प्राधिकार पत्र वालों को ही मतगणना हाल प्रवेश दिया जाएगा। पत्रकार दुर्ग रोड स्थित प्रवेश द्वार से प्रवेश करेंगे। अपने वाहन प्रवेशद्वार के बाहर बनाई गई पार्किंग में पार्क करेंगे। जनसंपर्क अधिकारी और उनकी टीम छोटे-छोटे बैचों में मीडिया सेंटर से नियमित अंतराल में मतगणना हॉल तक ले जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, आई पैड, लैपटॉप या ऐसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है। जो ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड कर सकता है। इसके अलावा कोई भी अभ्यर्थी, गणना एजेंट किसी भी प्रकार की कोई भी सामग्री जैसे घड़ी, मोबाइल, तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, पान, आदि नहीं ले जा पाएगा। उन्होंने मीडिया और जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। केवल आधिकारिक स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर विश्वास करें। प्रेसवार्ता के अंत में, उन्होंने सभी पत्रकारों से पहले की तरह सहयोग की अपेक्षा की और उम्मीद जताई कि इस बार का चुनाव मतगणना, प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सफल रहेगी।

## मतगणना से पूर्व कर्मियों ने किया पूर्वाभ्यास



**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 की मतगणना के लिए सोमवार पूर्वाभ्यास का आयोजन किया। यह पूर्वाभ्यास जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में बनाये गये ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा,बेमेतरा और नवागढ़ मतगणना केंद्र में सम्पन्न हुआ।

इस पूर्वाभ्यास का उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को मतगणना के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों से अवगत कराना और उनकी दक्षता बढ़ाना था। उन्होंने सभी संबंधियों को कल 4 जून 2024( सोमवार) को होने वाली मतगणना के लिए सुबह 6.30 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिये। मतगणना प्रातः8 बजे से शुरू होगी।

पूर्वाभ्यास के दौरान मतगणना की पूरी प्रक्रिया का वास्तविक अनुकरण किया गया। इसमें ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के संचालन, मतगणना टेबल पर डेटा एंट्री, परिणामों की घोषणा और सुरक्षा व्यवस्था शामिल थी। कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वयं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, और इस पूर्वाभ्यास से कर्मचारियों की तैयारियों का आकलन करने में मदद मिलेगी। इस बार मतगणना के हर टेबल पर एक-एक महिला अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना का दायित्व सौंपा गया हैं। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को मतगणना के दौरान सावधानीपूर्वक और सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रक्रियाओं का पालन कड़ाई से किया जाना चाहिए। पूर्वाभ्यास के सफल समापन पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और मतगणना के सफल प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, एडीएम सहित उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी और तीनों बिधानसभाव क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर उपस्थित थे।

### मोबाइल, स्मार्ट वाच प्रतिबंधित

कलेक्टर ने मतगणना कर्मियों को किस प्रवेश द्वारा से प्रवेश करना, वाहन पार्किंग आदि से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मोबाइल, स्मार्ट वॉच आदि प्रतिबंध की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर को विश्वास दिलाया कि मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाएगा।

### अंतिम संस्कार के बाद तालाब में नहाने उतरे थे दो भाई, एक को लोगों ने बचाया

# दादा जी के अंतिम संस्कार में शामिल पोते की तालाब में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सिटी कोतवाली मुख्यालय बेमेतरा शहर में बीते सोमवार का दिन स्थानीय परिवार के लिए शोक के बीच मातम से भरा दिन साबित हुआ। नगर पालिका बाजार पारा वार्ड क्रमांक-21 के निवासी कपिल निर्मलकर (उम्र-70 वर्ष) की मौत के पश्चात उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए दो पोते अंत्येष्टि पश्चात तालाब में नहाने के दौरान गहराई में जाने से डूब गए। इसमें एक 13 वर्षीय बच्चे हिमांशु निर्मलकर पिता सुरेन्द्र निर्मलकर को परिजनों ने बचा लिया, जबकि दूसरे 18 वर्षीय दीप निर्मलकर पिता चन्द्रिका निर्मलकर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बड़ी संख्या में परिजन ज़िला अस्पताल में दीप को लेकर पहुंचे। वहीं, जांच में देरी को लेकर उन्होंने अस्पताल परिसर में खूब हंगामा किया। फिर अस्पताल व पुलिस की पर्याप्त स्टॉफ के बीच डॉक्टरों ने दीप की जांच की। पता चला कि पानी में डूबे होने के कारण उनकी मौत हो चुकी है। बच्चे की मौत की खबर सुनकर मृतक दीप निर्मलकर के माता-पिता व बहन एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

- घटना के बाद युवक का त्वरित उपचार नहीं करने पर परिजनों ने अस्पताल में किया जमकर हंगामा



मिली जानकारी के अनुसार दीप परिवार में एकलौता लड़का था, जो अभी 12 वीं में गया था। दीप की मौत से परिवार का एकमात्र चिराग बुझ गया। चूंकि हादसे के वक़्त दादाजी की अंत्येष्टि से लौटकर परम्परागत रूप से एक एक कर नहाने का दौर चल रहा था।

इसी बीच दोनों दादा के दोनों पोते तालाब में उतरते ही गहराई में गिरते चले गए, जिसमें काफी कड़ी मशक्कत के बाद एक छोटा बच्चा हिमान्शु परिजनों के हाथ आया। वहीं, दीप की खोजबीन काफी देर तक जारी रही, किन्तु बाद में उनकी लाश तैरती मिली, तब तक काफी देर हो चुकी थी। एक रिश्तेदार ने बताया कि परिवार में दादाजी के गुजर जाने पर उनके अंतिम संस्कार का कार्यक्रम चल रहा था। दादाजी की चिता बुझी नहीं थी, कि पोते की मौत हो गई।

### असमतलित खोदाई के कारण एकाएक बढ़ जाती है गहराई

दुर्घटना शहर के भद्रकाली तालाब में घटित हुई। आसपास के नागरिकों का कहना है कि तालाब में पूर्व में असमतलित खुदाई की गई है, जिसके कारण निस्तारी व अन्य कारणों से उतरने पर एकाएक गहराई बढ़ती चली जाती है, जो हादसे का असल कारण हो सकता है। क्योंकि लड़के को पानी में तैरना नहीं आता था, जिसके कारण वह तालाब की गहराई में जाकर डूब गया। पुलिस द्वारा इस मामले में पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर बॉडी सौंपने की तैयारी की गई। वहीं, दोहरी मातम से परिजनों व रिश्तेदारों के साथ आसपास के बस्तियों में गमगीन स्थिति रही।

# लूट के प्रयास में असफल बाइक सवारों ने युवक के पैर में मारी गोली, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में बाइक सवार तीन व्यक्तियों ने लूट की घटना को अंजाम देने में असफल होने पर 30 वर्षीय युवक को गोली मार दी।

- शहर में गोली चलने से फैली सनसनी मचा हड़कंप,
- घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी



गोली युवक के पैर में लगी है। जिसका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। शहर में दिनदहाड़े 4 बजे से 5 बजे के बीच गोली चलने की इस घटना से जहां सनसनी फ़ैल गई, वही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस अपराधियों को पकड़ने जुट गई है। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि घायल युवक और उसके साथी घटना को लेकर अलग बातें कह रहे हैं।


पुलिस ने बताया कि घायल युवक चौधरी तस्लीम है जो यूपी के शामली का रहने वाला है। वर्तमान में जिला मुख्यालय स्थित जिला जेल के पास गन्ना बाड़ी में रहता है। सोमवार को अपने दोस्त अजय के साथ सिग्लन चौक के महेंद्रा कोटक बैंक के पास लगे एटीएम से 70 हजार रुपए निकाल कर अपने परिचित को देने दुर्ग रोड की ओर बाइक से जा रहा था। इसी बीच तीन व्यक्ति एक बाइक में सवार होकर उसका पीछा करते आ रहे थे। जैसे ही सिंघोरी ओर कसर पेट्रोल पंप के बीच पहुंचा बाइक में सवार तीनों लोगों ने उससे लूटमार का प्रयास किया। इसी बीच एक ने उसके पैर में गोली चला दी। आते-जाते राहगीरों को देख तीनों लोग मौके से फरार हो गए। लोगों ने 108 एवं पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके पश्चात घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उपचार जारी है।

## कांग्रेस सरकार ने मीसाबंदियों की सम्मान राशि पर लगाई थी रोक

# छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने मीसा बंदियों के खाते में एक साथ डाली पांच साल की सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विष्णु देव की सरकार ने प्रदेश भर के लोकतंत्र सेनानियों मीसा बंदियों के पूर्व सरकार द्वारा रोके गए सम्मान निधि को पुनः प्रारम्भ कर दिया है। सत्तर के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा चुनाव हारने पर पूरे देश में आपातकाल लगा दिया था। वहीं, आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने वाले सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को देश के अलग-अलग जेलों में निरुद्ध कर दिया गया था। आपातकाल के विरोध में बेमेतरा के विधायक रहे स्वर्गीय महेश तिवारी 21 महीनों तक रायपुर केंद्रीय जेल में बंद रहे। इसी तरह बेमेतरा के अधिवक्ता हृदय नारायण निर्वाणी 9 महीने तक जेल में निरुद्ध रहे। वहीं, बेमेतरा के ही मुंशी राम ठाकुर, डॉ वीरेंद्र दानी, बावा मोहतरा के महंत हरिशरण देव, बल्लू दाऊ जेवरा, मुखीराम साहू छेरकापुर निवासी भी जेलों में निरुद्ध रहे। अलग-अलग राज्यों में बनने वाली गैर कांग्रेसी सरकारों ने लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर उनका सम्मान किया। 2008 में डॉ रमन सिंह मंत्री मंडल ने इनके लिए सम्मान निधि जारी की। उसके बाद 2019 में भूपेश बघेल की सरकार बनने पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सम्मान निधि पर रोक लगा दी। तब भाजपा नेता सचिदानंद उपासने के नेतृत्व में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और छत्तीसगढ़ उच्चन्यायालय ने भूपेश सरकार के फैसले के विरुद्ध मीसा बंदियों को राहत देते हुए सम्मान निधि जारी करने का आदेश दिया। लेकिन, बघेल सरकार ने सम्मान निधि लंबित ही रखा।



### युवाओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए दांव पर लगाया कैरियर

उसके बाद राज्य में भाजपा की विष्णुदेव की सरकार आने के बाद लंबित सम्मान निधि को न सिर्फ जारी कर दिया गया, बल्कि पिछले 5 साल से रुकी हुई राशि भी एकमुश्त मीसा बंदियों के खाते में डाल दी गई। इसी तारतम्य में नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता हृदय नारायण निर्वाणी को 15 लाख 75 हजार रुपए मिले। पूर्व विधायक स्व महेश तिवारी की धर्मपत्नी शारदा तिवारी को 8 लाख 25 हजार रुपए मिले। लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी हृदय नारायण निर्वाणी, पूर्व विधायक स्वर्गीय महेश तिवारी के सुपुत्र हर्ष वर्धन तिवारी ने विष्णुदेव सरकार और लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चीदानंद उपासने का आभार व्यक्त किया है। लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी हृदय नारायण निर्वाणी ने कहा कि उस समय के युवाओं ने अपने कैरियर, भविष्य को दांव पर लगाकर माँ भारती के लोकतंत्र की रक्षा और बहाली के लिए सहर्ष जेलों में जाना स्वीकार किया था, उन सभी साथियों के त्याग को नमन करते हैं।

### शिवमहापुराण सुनने पहुंचा युवक पाकेटमारी का शिकार

**भिलाई।** अमलेश्वरी में हो रहे शिव महापुराण कथा सुनने पहुचा युवक पाकेट मारी का शिकार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी दीपक देवांगन कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कार्यक्रम को सुनने गया हुआ था। आरती होने बाद 1 जून की शाम को पीड़ित पंडाल की ओर घूमने निकला था। इस दौरान अज्ञात ने पीड़ित के पाकेट से सफेद रंग का पर्स 700 रूपये, आधार कार्ड की फोटोकापी, एटीएम, ट्रैफिक कार्ड, पेन कार्ड था। अज्ञात ने गायब कर दिया। जेब खाली होने पर पीड़ित को चोरी का संदेह होने पर पाकेट चेक किया। तब जेब खाली पड़ा था। उसका पर्स गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद पलटने पर अकलतरा जांजगिरी चांपा निवासी गौतम यादव, संजू बाई धमदे, सोना हाथागिले, पारबती हाथागिले , लच्छन बाई लगातार दो दिनों से कार्यक्रम में देखा था।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**



### ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मंत्री अग्रवाल का किया अभिनंदन

**रायपुर।** संजय नगर स्थित तुलसी भवन में रविवार को सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की महिला मंडल की नेत्रियों ने वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का अभिनंदन किया। साथ ही समाज के विकास तथा संगठित किए जाने उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद भी मांगा। इस मौके पर मंत्री श्री अग्रवाल ने अभिनंदन के बजाय आशीर्वाद दिए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि वे रायपुर या दिल्ली में रहें, विधायक रहें या सांसद, सदैव ब्राह्मण समाज के आशीर्वाद के आकांक्षी रहेंगे तथा प्रदेश के सतत विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अभिनंदन करने वालों में संजय तिवारी, मंडल की सीमा पांडे, किरण तिवारी, ब्रिजेश त्रिपाठी, ममता तिवारी, सुमन पाठक, ममता शर्मा, मनीष तिवारी, काजल पांडे, अपर्णा तिवारी आदि शामिल रहे।

### महाराष्ट्र मंडल का ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर 9 से

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र भवन में महाराष्ट्र मंडल का सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर 9 जून से शुरू होने जा रहा है। शिविर के प्रभारी श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि शिविर 6 से 14 आयुवर्ग के बच्चों के लिए होगा। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों के अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन सुबह 8 बजे शिविर स्थल पर छोड़ेंगे और शाम 6 बजे वापस ले जाएंगे। शिविर में बौद्धिक व मनोरंजक खेल जैसे शतरंज, कैरम, लूडो, सांप-सीढ़ी के माध्यम से बच्चों को व्यस्त रखा जाएगा। बच्चों से कहानियां सुनी भी जाएंगी। उत्सुक व उत्साही बच्चों को प्राथमिक तौर पर कंटेम्परी, जुंबा और क्लासिकल डांस सिखाया जाएगा। शिविर में मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते सहित पदाधिकारी शामिल होंगे।

### गड़रिया समाज ने मनाई देवी अहिल्या बाई जयंती



**रायपुर।** शिवशंकर चौक टिकरापारा में गड़रिया धनगर समाज की आराध्य देवी लोकमाता अहिल्या देवी का 299वीं जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने खीर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी अभिमन्यु धनगर ने बताया कि अहिल्या देवी त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रेरणा हैं, गड़रिया समाज का गौरवशाली इतिहास और संस्कृति परंपरा है। कार्यक्रम में जगदीश धनगर, दीपक धनगर, धर्मेंद्र धनगर, गोपाल धनगर, विरेंद्र धनगर, अजय धनगर, शंकर धनगर, दिनू धनगर, गुड्डू धनगर, शकुन धनगर, श्यामा धनगर, बुधन बाई धनगर, राधा धनगर, मीरा बाई धनगर, ममता धनगर, मोनिका धनगर, सीमा धनगर, सुनीता धनगर, माया धनगर, छाया धनगर, पुष्पा धनगर, मंजू धनगर, रजनी धनगर, गंगा धनगर आदि महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छोटे स्कूल नहीं लेंगे पापुनि की किताबें, वजह-प्रदेश में सिर्फ 6 जगह बनाए गए वितरण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नवीन शैक्षणिक सत्र 16 जून से, किताबों का वितरण शेड्यूल जारी

**खास खबर**

प्रदेश के स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से हो रही है। इसके पूर्व निजी और शासकीय विद्यालयों में पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा किताबों का निशुल्क वितरण प्रारंभ हो गया है। इसके लिए शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। शासकीय विद्यालयों को उनके जिला संकुलों से किताबें वितरित की जाएंगी, जबकि निजी स्कूलों के लिए सात जिला मुख्यालयों में केंद्र बनाए गए हैं। जिन छोटे स्कूलों की दूरी इन जिला मुख्यालयों से अत्यधिक दूर है, वे पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें नहीं लेने की तैयारी कर रहे हैं। इन स्कूलों का कहना है कि पूरे राज्य में केवल 6 जिलों में ही निजी स्कूलों के लिए बुक डिपो बनाए गए हैं। समीपस्थ जिलों के निजी स्कूल यहां से आसानी से किताबें ले जा सकते हैं, किंतु ऐसे स्कूल जिनकी दूरी इन डिपो से अत्यधिक है, उनके लिए परिवहन ही बड़ी समस्या बन जाता है। छोटे निजी स्कूलों का बजट इतना अधिक नहीं होता है कि वे लंबी दूरी के लिए वाहन भाड़े पर ले सकें। रायपुर, जगदलपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और अंबिकापुर में ये डिपो बनाए गए हैं।

**शासकीय विद्यालयों को संकुलों में मिलेंगी किताबें, निजी स्कूलों को लगानी पड़ेगी लंबी दौड़**

#### शासकीय में वितरण 20 मई से प्रारंभ

जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, शासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में किताबों का वितरण 20 मई से प्रारंभ कर दिया गया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए 1 जून से वितरण कार्य प्रारंभ किया गया है। निजी स्कूलों का जिक्र तय किए गए शेड्यूल में नहीं है। इसे लेकर भी निजी स्कूलों द्वारा नाराजगी जताई गई है।




#### बीते कई वर्षों से मांग

उनकी मांग है कि जिस तरह से शासकीय स्कूलों को उनके संकुल में किताबें वितरित की जाती हैं, उसी तरह निजी स्कूलों को भी उनके संकुल में ही किताबें वितरित की जाएं। यदि यह संभव नहीं है तो डिपो की संख्या बढ़ाई जाए ताकि उन्हें लंबी दूरी की यात्राएं ना करनी पड़े। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता कहना है कि पापुनि की इस नीति के कारण अधिकतर छोटे स्कूल किताबें लेकर नहीं जाते हैं और ये किताबें डिपो में ही डंप हो जाती हैं। बीते कई वर्षों से वितरण केंद्र बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन इस मांग पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

## गर्मी में एसी कोच में सफर करना यात्रियों की पहली प्राथमिकता

# एडवांस में स्लीपर से ज्यादा एसी कोच की बुकिंग, खड़े होकर भी सफर कर रहे यात्री


**लंबी दूरी की ट्रेनों के एसी कोच में 12 से 24 घंटे खड़े होकर यात्री सफर करने को तैयार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

तेज गर्मी में ट्रेन से सफर करने अब यात्रियों की पहली प्राथमिकता एसी कोच बन गया है। अब एडवांस बुकिंग में स्लीपर का टिकट तो आसानी से मिल जा रहा है, लेकिन थर्ड एसी और इकोनॉमी कोच में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। इस वजह से अब एसी कोच में स्लीपर जैसी भीड़ देखने को मिल रही है। हरिभूमि टीम ने रविवार को स्टेशन में एसी कोच के साथ एडवांस बुकिंग की पड़ताल की तो पता चला कि गर्मी से बचने कई स्लीपर कोच के यात्री भी एसी कोच में चढ़ने लगे हैं। इसमें बिना टिकट यात्री भी शामिल हैं।

टीटीई ने बताया कि एक ट्रेन में ऐसे दर्जनभर से अधिक यात्रियों पर चालानी कार्रवाई कर एसी कोच से बाहर किया जा रहा है। आमतौर में एसी कोच के यात्री पूरा पैसा देने के बाद वेटिंग टिकट से सफर नहीं करते, लेकिन गर्मी के कारण खचाखच भीड़ में भी सफर करने को तैयार हैं। इस वजह से एसी कोच में स्लीपर जैसी भीड़ देखने को मिली रही है। टीटीई का कहना है कि बगैर उचित टिकट वाले यात्रियों को पकड़ने एसी कोच में औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है, जिससे भीड़ कम करने में सफलता मिल रही है।





#### इन ट्रेनों के स्लीपर से अधिक एसी की बुकिंग

- 26 जून को गीतांजलि एक्सप्रेस में रायपुर से मुंबई के लिए स्लीपर में 28 सीटें खाली हैं, वही सेंकड और इकॉनॉमी एसी में 8 वेटिंग है।
- दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में अंबिकापुर के लिए 11 जून को स्लीपर में 185 सीटें हैं और एसी में 41 बची हैं।
- दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस में 19 जून को स्लीपर में 20 सीटें खाली, जबकि थर्ड एसी में 10 वेटिंग है।
- समता एक्सप्रेस में रायपुर से दिल्ली के लिए 18 जून को स्लीपर में 20 वेटिंग है तो वहीं एसी में 40 है।
- गोंडवाना एक्सप्रेस में 14 जून को स्लीपर में 25 वेटिंग है तो वहीं एसी में 40 पहुंच गई है।



#### हर महीने हजार यात्रियों पर कार्रवाई

स्लीपर के साथ एसी कोच में भी बिना टिकट के यात्रियों की संख्या बीते तीन महीनों में बढ़ी है। मंडल के टीटीई के मुताबिक, एसी कोच में हर महीने हजार यात्रियों पर कार्रवाई की जा रही है। महीने में लाखों रुपए रेलवे का राजस्व केवल बेटिकट यात्री बढ़ा रहे हैं। एसी कोच में भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे को लगातार शिकायतें मिल रही हैं। यात्रियों का सुझाव है कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान ही यात्रियों के टिकट की जांच कर ली जाए, ताकि अन्य यात्रियों को दिक्कत न हो।

#### खड़े होकर घंटों कर रहे सफर

एसी कोच में कंफर्म टिकट नहीं मिलने से अब यात्री खड़े होकर सफर करने लगे हैं। स्लीपर जैसा यात्रियों का दबाव एसी कोच में देखने को मिल रहा है। गरीब रथ, राजधानी एक्सप्रेस में भी वेटिंग 100 से अधिक पहुंच रही है। बाकी एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को एसी कोच में भीड़ का सामना करना पड़ा रहा है। रेलवे द्वारा अतिरिक्त कोच लगाने का फायदा भी यात्रियों को नहीं मिल रहा है।

#### इकॉनॉमी कोच में चढ़ने और उतरने में मशक्कत

रेलवे ने लंबी दूरी की ट्रेनों में थर्ड एसी से कम किराए वाला इकोनॉमी एसी कोच लगाया है, जिसमें इन दिनों भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इन कोच में यात्रियों को चढ़ने और उतरने के साथ सफर करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति, गीतांजलि के इकोनॉमी कोच में 20 से अधिक यात्री खड़े होकर सफर कर रहे थे। ट्रेन में एक तरफ से दूसरी ओर जाने में भी यात्रियों दिक्कत हो रही थी। यह स्थिति आमतौर पर हर गर्मी में बनती है, लेकिन इस गर्मी वेटिंग यात्रियों की संख्या कोच में बढ़ी है। छत्तीसगढ़ और संपर्क क्रांति में कम दूरी का सफर वेटिंग में करते यात्री दिखे। स्लीपर की तरह एसी कोच में यात्री खड़े नजर आए।

## फिलीस्तीन में जारी हमलों के खिलाफ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तमाम अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, संयुक्त राष्ट्रसंघ, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा गाजा, रफाह सहित फिलस्तीन में जारी हमलों को नरसंहार करार देते हुए इसे रोकने के फैसले के बावजूद गाजा के बाद अब रफाह में जारी फिलीस्तीनी जनता के इजराइली जनसंहार का तीव्र विरोध किया और इसे तत्काल रोकने, शांति बहाल किए जाने की मांग करते हुए फिलस्तीन की जनता के साथ एकजुटता के इजहार के लिए देशभर में उठ रहे स्वरों की कड़ी में रायपुर में 2 जून की शाम आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष छात्र, नौजवान, महिला, ट्रेड यूनियन, लेखक, रंगकर्मी, पत्रकार, लेखक, प्रगतिशील नागरिक, माकपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर ऐप्सो के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, सीटू के राज्य सचिव धर्मराज महापात्र, सीजी एसपीयू के सचिव प्रदीप मिश्रा, माकपा जिला सचिव प्रदीप गभने, शिक्षक नेता राजेश अवस्थी, सीजेडआईईए के कोषाध्यक्ष संदीप सोनी, आरडीआईईयू के सहसचिव ऋषि मिश्रा, गजेंद्र पटेल, पेंशनर एसोसिएशन के टीके मिश्रा, अजय कन्नौजे, रंगकर्मी निसार अली ने एक स्वर से अमरीकी साम्राज्यवाद के समर्थन से जारी इस इजराइली अमानवीयता में मारे जा रहे निर्दोष बच्चे, महिला और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस युद्ध को तत्काल रोकने और भारत सरकार से इजरायल को हथियार की आपूर्ति तत्काल बंद करने कदम उठाने की मांग की है।

## नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने सात दिन शिविर

**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियों में नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने उज्ज्वल भविष्य निर्माण शिविर का शुभारंभ रविवार को वीआईपी रोड स्थित आश्रम में हुआ। ओंकारानंद के सान्निध्य में शुरू हुआ शिविर 8 जून तक चलेगा। इस शिविर में प्रतिभागियों के रहने और भोजन की व्यवस्था आयोजन संस्था की ओर से की जा रही है। विद्यार्थी उज्ज्वल




भविष्य निर्माण शिविर में विद्यार्थियों को माता-पिता और गुरुजनों का आदर करने संबंधी संस्कारा की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के टिप्स बताए जाएंगे। खानपान से लेकर आहार-विहार के बारे में बताया जाएगा। साथ ही महापुरुषों और देशभक्तों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग की भी चर्चा शिविर में की जाएगी। प्रतिभागियों को शिक्षा व जीवन के उत्थान से जुड़े विषयों के अलावा शारीरिक विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# गर्मी जा रही, नगर निगम की 15 वाटर एटीएम बनीं शो-पीस, बूंदभर नहीं मिला ठंडा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्मी का मौसम अंतिम चरण में है, इसके बावजूद नगर निगम की 15 वाटर एटीएम से लोगों को गला तर करने ठंडा पानी नसीब नहीं हुआ। एक हजार लीटर प्रतिघंटे की क्षमता वाली मशीनें काफी समय से बंद पड़ी हैं। इसकी मरम्मत और संचालन के लिए नगर निगम ने टेंडर कर एजेंसी भी तय कर दी, पर वर्कआर्डर नहीं होने से बंद पड़ी मशीनों को आज तक सुधारा नहीं जा सका। नतीजतन दर्जनभर से ज्यादा वाटर एटीएम केवल शो-पीस बनकर रह गई हैं।

राजधानी में अलग-अलग लोकेशन पर नगर निगम की योजना शाखा ने 5 साल पहले करोड़ों खर्च कर लोगों की प्यास बुझाने 15 वाटर एटीएम इंस्टाल कराईं। अनुबंधित एजेंसी ने मार्च 2021 तक इसका संचालन सुचारू रूप से किया। मार्च 2021 से वाटर एटीएम बंद पड़ी हैं। तब से लेकर आज तक इन मशीनों को सुधारा नहीं गया। नगर निगम की सामान्य सभा में वाटर एटीएम का मुद्दा विपक्ष सहित सत्तापक्ष के सदस्यों ने भी जोर-शोर से उठाया था। इसके बाद महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने शहर में बंद पड़ी वाटर एटीएम को दोबारा शुरू करने टेंडर किया। इसमें रायपुर की एजेंसी को काम मिला, पर वर्कआर्डर की प्रक्रिया में देरी के




चलते काम अटक गया। अब आचार संहिता खत्म होने के बाद वर्कआर्डर जारी होगा।

#### छह माह के लिए अनुबंध, 8200 रुपए मेंटेनेंस खर्च

नगर निगम अनुबंधित एजेंसी को एक वाटर एटीएम के लिए प्रतिमाह 8200 रुपए मेंटेनेंस और देखरेख के एवज में भुगतान करेगा, जिसमें जीएसटी की राशि भी शामिल है। शहर में इस तरह की 15 वाटर एटीएम स्थापित हैं, जिनकी मरम्मत और संचालन 6 माह तक संबंधित एजेंसी करेगी।

#### जल्द करेंगे वर्कआर्डर

शहर में 15 अलग-अलग लोकेशन पर स्थापित वाटर एटीएम के संचालन व मरम्मत के लिए अनुबंधित एजेंसी को लोकसभा चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद वर्कआर्डर जारी होगा।

**- राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

#### यहां लगी हैं वाटर एटीएम

- कचना बीएसयूपी साइट
- सड्डू बीएसयूपी साइट
- दलदल सिवनी बीएसयूपी साइट
- जिला अस्पताल पंडरी
- मोवा नहरपारा कापा
- शंकरनगर स्थित जोन-3 कार्यालय
- तेलीबांधा बीएसयूपी आवासीय परिसर
- एम्स हास्पिटल गेट नंबर-2
- डब्ल्यूआरएस कॉलोनी
- सरस्वती नगर थाना
- भाठागांव ढेबर सिटी बीएसयूपी साइट
- भाठागांव नत्थानी बीएसयूपी साइट
- वॉलफोर्ट बीएसयूपी साइट
- आंबेडकर अस्पताल मेन गेट

## टीबी के मरीजों को अब तक नहीं मिली दवा, अस्पतालों के लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इलाज के दौरान टीबी के मरीजों को दी जाने वाली दवा की सप्लाई अभी तक सामान्य नहीं हो पाई है। मरीजों को इसके लिए अभी भी अस्पतालों के लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मरीजों को पहले एक माह की दवा एक बार में मिल जाती थी, मगर अब इसके लिए तीन से चार बार अस्पताल तक जाना पड़ता है।

केंद्र सरकार की सप्लाई सामान्य नहीं होने की वजह से राज्य में टीबी के पंजीकृत मरीज दवाओं के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर सरकारी अस्पतालों तक दवा निशुल्क दी जानी है, मगर यह व्यवस्था सामान्य नहीं होने की वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि पहले मरीजों को एक बार में एक महीने की दवा दी जाती थी, मगर स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाक कम होने की वजह से उन्हें पर्याप्त दवा नहीं मिल पा रही है। राज्य में अभी टीबी के पंजीकृत मरीजों की संख्या 14 हजार से अधिक है।



- पहले महीनेभर की मिलती थी दवा, अब सप्ताहभर का कोटा मुश्किल

#### नियमित रूप से दवा का सेवन करना होता है

इनकी उपचार अवधि छह माह की होती है यानी उन्हें छह माह तक नियमित रूप से दवा का सेवन करना होता है। ऐसा नहीं होने पर दवाईयों का असर नहीं होता। समस्या को देखते हुए राज्य स्तर के क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर खरीदी कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं, मगर आचार संहिता का हवाला देकर इस खरीदी से बचा जा रहा है। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. अजय शंकर कन्नौजे का कहना है कि दवा की आपूर्ति के लिए केंद्र स्तर पर प्रयास किया जा रहा है, आने वाले दिनों में परेशानी का समाधान होने की चर्चा है।

# सिटी पार्क की सुविधा अटकी, 9 करोड़ के योग चबूतरे तक पहुंच मार्ग नहीं, धंसने लगा पाथवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में कई ऐसे निर्माण हैं, जिनका काम अभी तक अधूरा होने से लोगों को मिलने वाली सुविधा अटकी हुई है। इनमें दलदल सिवनी में बना रायपुर सिटी पार्क भी शामिल है। इस पार्क को संवारने 9 करोड़ से ज्यादा खर्च किए गए।

सिटी पार्क में जो निर्माण कार्य कराए गए, उनकी स्थिति भी अव्यवस्था के चलते बिगड़ने लगी है। लोगों को योग की सुविधा देने व परिवार के साथ समय बिताने के लिए चबूतरे बनवाने के बाद जिम्मेदारों ने पहुंच मार्ग अधूरा छोड़ दिया। इतना ही नहीं, गार्डन में घूमने



के लिए बनवाया गया पाथवे भी धसकने लगा है। दलदल सिवनी में 72 एकड़ एरिया को करीब 8 साल पहले एम्यूजमेंट पार्क बनाने के लिए प्लान बनाने और उसे पूरा करने सबसे पहले हरियाली की जिम्मेदारी शासन ने वन विभाग को दी। तीन साल में पौधारोपण के बाद उसमें जरूरी काम कराने सरकार ने 10.28 करोड़ की स्वीकृति देते हुए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सूडा को दी।

जहां काम करने के लिए एजेंसी तय करने के बाद 2017 से 2022 के बीच सूडा ने आने-जाने के लिए तीन गेट लगवाए। साथ ही घूमने के लिए 20 फीट चौड़े पाथवे के साथ ही 6 व 10 फीट चौड़ी सपोर्टिंग सड़कें भी एजेंसी से तैयार कराईं। जमीन समतल करने के बाद तुरंत पेवर ब्लॉक लगाने से जमीन दबने से पाथवे धसकने लगा है। यह स्थिति सिटी पार्क में अधिकांश पाथवे का है।

#### अब रायपुर सिटी पार्क होगा

इस प्रोजेक्ट को शुरू करते समय इसे एम्यूजमेंट पार्क के रूप में विकसित करने की तैयारी हुई। बाद में प्रोजेक्ट को निगम को हैंडओवर देने की तैयारी होने पर इसे अब रायपुर सिटी पार्क कहा जाने लगा है। पिछले पांच साल से अधूरे पार्क का निर्माण ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। वहां कुछ साल पहले नगरीय प्रशासन विभाग की तकनीकी टीम ने रायपुर सिटी पार्क बनाने का निर्णय लिया है। फिलहाल 10 एकड़ में गार्डन व अन्य अधोसंरचना का काम भी शुरू कर दिया। पूरे 72 एकड़ में करीब 10 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत में से सूडा ने 9 करोड़ से भी ज्यादा खर्च किए हैं।

# मतगणना स्थलों पर तीन लेयर की सुरक्षा, केंद्रीय बल के साथ राज्य पुलिस के जवान होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव परिणाम के लिए मतगणना मंगलवार को होगी। मतगणना को लेकर सभी जिलों के प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने भी अपने तरफ से तैयारी की है। पुलिस अफसरों के मुताबिक, मतगणना स्थलों पर संवेदनशीलता के आधार पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। मतगणना स्थल की तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। प्रथम लेयर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की जाएगी। इसके बाद दूसरे लेयर में मतगणना स्थल के बाहर जिला पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। प्रथम तथा द्वितीय लेयर की सुरक्षा में भारतीय पुलिस सेवा के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों को लगाया जाएगा। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक, रायपुर मतगणना स्थल पर चार से पांच सौ जवानों को सुरक्षा के लिहाज से मुस्तैद किया जाएगा। मतगणना स्थल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने आधा दर्जन से ज्यादा टीआई रैंक के पुलिस अफसर मौजूद रहेंगे। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने अतिरिक्त बल की व्यवस्था की जाएगी। वहीं



- रायपुर मतगणना स्थल पर सीआरपीएफ के अलावा राज्य पुलिस के पांच सौ जवान
- अन्य जिलों के मतगणना स्थलों पर जरूरत के मुताबिक बल करेंगे तैनात

मतगणना कार्य में लगे पुलिस के साथ अन्य कर्मचारियों को लू से बचने नीबू पानी तथा ओआरएस का घोल दिया जाएगा। किसी भी तरह की स्वास्थ्यगत परेशानी से बचाने मेडिकल टीम तैनात की जाएगी। साथ ही मतगणना स्थल के पास अस्थायी अस्पताल बनाया जाएगा।

#### सीआरपीएफ जवान किए जाएंगे तैनात

कांकेर, बस्तर, राजनांदगांव एवं महासमुंद लोकसभा के कई मतगणना स्थल नक्सल प्रभावित जिलों में शामिल हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए मतगणना स्थल पर तीनों लेयर में सुरक्षा के लिहाज से सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की जाएगी। साथ ही मतगणना स्थल के दो अन्य लेयर में छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इन क्षेत्रों में कितने जवान तैनात किए जाएंगे, इस संबंध में अफसर सुरक्षा का हवाला देते हुए जानकारी देने से बच रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### मौसमी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को किया जागरूक

**भिलाई।** नपानिभि क्षेत्र में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण फाइट द बाइट के तहत विभिन्न कॉलोनी एवं बस्तियों में कार्यक्रम युद्ध स्तर पर संचालित हो रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र में वार्ड 40 छावनी के घरों में मौसमी बिमारियों से रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक कर घरों के कुलर, गमला, टायर, पानी कि टंकी में जमा पानी की जांच कर टेमिफोस का स्प्रे किया जा रहा है। नाली में मैलाथियान एवं जला ऑइल डाला जा रहा है। इस संबंध में मोहल्ले के लोगों को बुलाकर समझाईश भी दी जा रही है। अपने घरों में कैसे जल जनित रोगों से बचने के लिए उपचार करें। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी लोगों से अपील की है कि जो दवाई आपके घरों में दी जा रही है उसका समुचित उपयोग करें जरूरत पड़ने पर और भी दवा दी जाएगी। जागरूक बने अपने घरों में भी जले हुए तेल मिल चला हुआ तेल जला हुआ मिल इत्यादि डाल करके आप रोक सकते हैं डेंगू के मच्छर हमेशा साफ पानी में फैलते हैं यह दिन के समय ही काटते हैं सावधानी ही बचाव है। डेंगू मच्छर के लार्वा हमेशा साफ पानी में अपने घरों के इर्द-गिर्द ही पनपते हैं पनपना से पहले नहीं मार दिए जाएंगे तो यह कई गुना होकर के बीमारी पैदा करते हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो बहुत समझाने के बाद भी अपने घरों में दवा रख लेते हैं, लेकिन उसका छिड़काव नहीं करते , पानी में नहीं डालते हैं, निगम के कर्मचारी चेक करते हैं तो जैसा दिया गया था वैसे ही पड़ा रहता है यह गलत है। नगर निगम भिलाई पूरा प्रयास कर रहा है आप भी सहयोग करें।

# बीएसपी में बायोमैट्रिक अटेंडेंस का इंटक करेगा विरोध

**बैठक में हाउसरेंट व एरियर्स की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों की बैठक हुई । बैठक में 39 महीने का एरियर्स हाउस रेंट अलाउंस सहित वेज रिवीजन के मुद्दे का समाधान करने से पहले बायोमेट्रिक लगाने का विरोध करने का निर्णय लिया गया । बैठक में टाउनशिप में 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर देने एवं बरसात से पहले क्वार्टरों का टारफेल्टिंग करने की मांग की गई एवं सब्जेक्ट टू वेकेशन के लिए क्वार्टर को खाली करने के नियम का विरोध किया गया ।

इंटक द्वारा तीस मई को हुए एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक में बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से ही नाइट शिफ्ट एलाउंस देने के निर्णय का विरोध किया गया । पदाधिकारियों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा कर्मियों के 39 महीने के एरियर्स ,हाउस रेंट अलाउंस आदि मुद्दों पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया जा रहा है लेकिन नाइट शिफ्ट एलाउंस के बहाने बायोमेट्रिक लगाने पर जोर दिया जा रहा है। जबकि बायोमेट्रिक सब कमेटी की मीटिंग का मुद्दा ही नहीं है । प्रबंधन पूरी तरह से मनमानी पर उतर आया है । बैठक मे उप महासचिव सीपी वर्मा ने कहा कि भिलाई टाउनशिप में अवैध कब्ज से क्वार्टर को बचाने के लिए 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर देने की मांग इंटक द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है लेकिन प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है वह पूरी एनर्जी अवैध कब्जे को ही खाली करने में लग रहा है l अजय कुमार मार्टिन ने कहा कि बरसात शुरू होने वाली है लेकिन अभी तक क्वार्टरों का टार फेल्टिंग नहीं हुआl उन्होंने कहा कि टाउनशिप में सब्जेक्ट टू वेकेशन के लिए प्रबंधन द्वारा क्वार्टर को खाली करने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए l यह नियम सब्जेक्ट टू वेकेशन की मूल भावना के विपरीत है 30 -35 साल सेवा करने वाले कर्मचारी का सामान सड़क पर निकाल कर वेकेशन की प्रक्रिया पूरी की जाती है जो कि कर्मचारियों के लिए बहुत ही अपमानजनक है ।

### बीएसपी आवासों में लगे टारफेल्टिंग

इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि 39 महीने का एरियर, हाउस रेंट अलाउंस आदि वेज रिवीजन के मुद्दों पर अभी भी निर्णय नहीं हुआ है। जब तक इन मुद्दों का समाधान नहीं होता है इंटक यूनियन बायोमेट्रिक का विरोध जारी रखेगी। 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर देने जल्द टार फेल्टिंग लगाने की मांग की। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा दीनानाथ सिंह सार्वा, आर सुमन, के अग्रवाल, रेशम राठौर, राजकुमार, ज्ञानेंद्र पांडेय, गणेश कुमार सोनी, ताम्रध्वज सिन्हा, जितेंद्र कुमार अग्रवाल, महेश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।



## राज्य सरकार ने लागू की योजना, तीस हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

# अब टाउनशिपवासियों को भी मिलेगा बिजली बिल हाफ योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




पांच साल से बिजली बिल हाफ योजना का इंतजार कर रहे बीएसपी टाउनशिप के लोगों भी अब प्रदेश सरकार की योजना का लाभ मिलेगा। बिजली बिल हाफ योजना टाउनशिप में लागू कर दी गई है। इसका तीस हजार उपभोक्ताओं लाभ मिलेगा। योजना सितंबर 2023 से प्रभावी होगी। इससे टाउनशिपवासियों में हर्ष है।

गौलतलब हो कि पांच साल पूर्व कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणापत्र के अनुरुप पूरे प्रदेश में बिजली बिल योजना लागू कर दी थी। भिलाई में भी गैरबीएसपी क्षेत्र में इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा था। लेकिन बीएसपी टाउनशिप के लोग इससे वंचित थे। 5 साल बाद अब प्रदेश सरकार ने टाउनशिप में भी बिजली बिल योजना हाफ को लागू कर दिया है । ऊर्जा मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिया है। इसके बाद बीएसपी प्रबंधन ने सितंबर 23 से मार्च मार्च 24 तक की अवधि में उपभोक्ताओं द्वारा किए गए अतिरिक्त भुगतान को किश्तों में लौटाना शुरु कर दिया है। कार्मिकों के खाते में सीधे यह राशि भेजी जा रही है। अप्रेल में किए गए अतिरिक्त भुगतान को वापस किया गया है। शेष राशि किश्तों में खाते में जमा की जाएगी। थर्ड पार्टी और लायसेंसी अलाटियों के आगामी महीने के बिलों में यह राशि समाहित की जाएगी। कांग्रेस सरका ने वर्ष 2019 में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना लागू की थी। टाउनशिप में तब इसे इसलिए लागू नहीं किया जा सका क्योंकि यहां बिजली सप्लाई बीएसपी करती है। योजना को लागू करने से बीएसपी पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ता। प्रबंधन ने योजना शुरु करने के लिए एडवांस राशि की मांग की थी। राज्य की नई भाजपा सरकार ने अब बजट प्रावधान कर दिया है। इसके चलते ही टाउनशिपवासियों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

### प्रेमप्रकाश ने बनाया था दबाव

टाउनशिपवासियों को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य शासन की ओर से पहल की गई। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी टाउनिप में इस योजना को लागू कराने तत्कालीन सरकार पर दबाव बनाया था। उन्होंने मार्च 2019 से ही लाभ मिले इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 14 में प्रावधानित समानता के अधिका के तहत हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। इस पर कोर्ट ने 25 मार्च 23 को राज्य शासन को नोटिस जारी किया था। इसके बाद कांग्रेस सरकार को घोषणा करनी पड़ी थी। अब राज्य सरकार की पहल से टाउनशिपवासियों को बिजली बिल हाफ का लाभ मिल रहा है।

### व्यावसायियों को नहीं मिलेगा लाभ

बिजली बिल हाफ योजना का लाभ टाउनशिप के पांच हजार कमर्शियल कनेक्शनधारियों को नहीं मिलेगा। लाभ केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही मिलेगा। सभी मार्केट व अन्य व्यापारियों को वर्तमान बिजली टेरिफ के हिसाब से ही भुगतान करना होगा। बीएसपी प्रबंधन ने बिजली टेरिफ में 15 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग को दिया है। करोड़ों के घाटे का हवाला दिया गया है। यदि आयोग ने प्रस्तवा स्वीकार तो हाफ बिजली बिल योजना में मिलने वाला लाभ नए टैरिफ में ही एडजस्ट हो पान के आसार हैं।

# सफाई कामगारों के लंबित वेतन भुगतान की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन के प्रतिनिधियों ने नगर निगम भिलाई के आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कामगारों के समस्याओं की निदान की मांग की। पूर्व ठेकेदार पी वी रमन द्वारा सफाई कामगार के भविष्य निधि एवं ईएसआईसी अंशदान राशि जमा कराने, वैशाली नगर जोन 2 के नियोजित 142 सफाई कामगारों के बकाया वेतन की भुगतान एवं ठेकेदार की सभी देयक अमानत राशि पर रोक लगाने सहित सफाई कामगारों के मासिक वेतन भुगतान की सूक्ष्मता से जांच करने की भी मांग किया गया है।

- ननि सफाई कामगार .यूनियन ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

यूनियन के मुताबिक सभी मुद्दों पर आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि कथित ठेकेदार को कामगारों के पीएफ, ईएसआईसी राशि जमा करने कहा गया है, ठेकेदार का देयक अमानत राशि भुगतान नहीं किया जायेगा तथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए कानूनी मशवरा लिया जा रहा व कामगारों के बकाया भुगतान करने कि अश्वासन दिया गया है। ब्लेक लिस्टेड ठेकेदार के विरुद्ध भविष्य निधि कार्यालय पंडरी रायपुर में भी ठेकेदार के खिलाफ 7(ए) के तहत शिकायत पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया जा रहा है।

### ठेकेदार ने नहीं दिया पीएफ

यूनियन ने बताया कि वर्ष 2021-22 में संपूर्ण भिलाई क्षेत्र के नाली ,झाड़ू, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं एसआरएम कंपोस्ट सेंटर के लिए ठेकेदार पीवी रमन तालपुरी रिसाली निवासी को ठेका सफाई कार्य के लिए अधिकृत किया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा सारे नियमों-कानूनों की अनदेखी कर कामगारों के मासिक वेतन, कार्य उपस्थिति, पीएफ, ईएसआईसी जैसी सामाजिक, स्वस्थ सुरक्षाओं के अंशदान राशि में जमा करने में भारी गोलमाल किया गया एवं लापरवाही बरती गई थी।

# मिर्च व भाटा की उन्नत खेती के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ खपरी कुम्हारी में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। स्किल डेवलपमेन्ट कार्यकम के तहत प्रदेश के सब्जी उत्पादक किसानों का यह छटवां आयोजन है। जिसमें मिर्च एवं भाटा की उन्नत खेती विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 200 किसान इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिर्च की उन्नत खेती के सम्बन्ध में भूपेन्द्र परमार ने बताया कि मौसम की अनिश्चितता की वजह से वर्तमान समय में ब्लेक थ्रिप्स नामक बीमारी किसानों के लिए एक चुनौती बनकर सामने आया है जिसके कारण छत्तीसगढ़ में मिर्च उत्पादन करना मुश्किल होता जा रहा है। भाटा की उन्नत खेती के सम्बन्ध में अभिषेक चावड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि किस तरह भाटे की खेती में सफेद मच्छर और इल्ली की समस्या से वर्तमान समय में किसान जूझ रहे हैं एवं इस समस्या के समाधान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में किसानों की समस्याओं से संबंधित जिज्ञासा का समाधान किया गया।

- प्रदेश के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक किसानों लिया हिस्सा

# सीएम पत्नी पहुंची वसुंधरा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ भाजपा के चंद्रिका प्रसाद यादव के निवास वसुंधरा नगर भिलाई 3 में सीएम पत्नी श्रीमती कौशल्या साय पहुची। इस दौरान चंद्रिका प्रसाद यादव ने उन्हें भिलाई-चरोदा क्षेत्र के विकास कार्यो के बारे में अवगत कराया। श्री यादव ने बताया कि पारिवारिक कार्यक्रम में श्रीमति साय पहुची थी। उनके पहुचने पर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद पूणिमा ठाकुर समेत अन्य भाजपा नेता भी मौजूद थे।



# दुकान में चोरी, दो अपचारी बालक और महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने धार 457, 380, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि शांति नगर निवासी नवीन शर्मा का सुपेला में दुकान है। अज्ञात ने शटर तोड़कर सामान पार कर दिया है। संजय नगर, कृष्णा नगर निवासी दो अपचारी बालक समेत एक महिला के साथ मिलकर दुकान में चोरी किया है। मुखबीर सूचना के आधार पर अपचारी बालको व महिला झामिन बाई उर्फ रानी को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों से हिटगन मशीन, कटर मशीन, ड्रील मशीन समेत 58 हजार 700 रूपये का सामान जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश मिश्रा, सउनि दिनेश सिंह, प्रधान आर. संतोष राज, आरक्षक सूर्य प्रताप सिंह, रवि कुमार साव, विकास तिवारी, तोषी गोस्वामी का अह्म योगदान रहा है।

# ओए ने बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी.आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अप्रैल एवं मई महीने में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में किया गया। सेफी चेयरमेन व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिवजेपी शर्मा, संजय तिवारी, उपाध्यक्ष माइंस नितेश क्षत्री उपस्थित थे।

समारोह में रिटायर अधिकारियों शमशाद रजा,मंगल प्रसाद साहू, एजीएम टी सत्यपाल, बलीराम, तपन कुमार, विजय कुमार चौरसिया, संत कुमार केसकर, प्रशांता साहा, देवेन्द्र कुमार शर्मा, श्याम राव ढोके, , डॉ. जयश्री प्रधान, राजीव माहुले, डॉ. हितेश चावड़ा, अरूण कुमार चौखंडे, विनोद दास, आर. राजू, संजय कुमार मिश्रा, श्री प्रकाश कुमार केवी सुरेश कुमार नागदेव, सुशील कुमार साहू का सम्मान हुआ। सभी को पौधे एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि सभी अधिकारियों ने अपने सुझाव संयंत्र की सुरक्षा, उत्पादन, उत्पादकता व अनुरक्षण, टाउनशिप मेडिकल सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु हमें हमेशा देते रहें। परविंदर सिंह ने कहा कि आफिसर्स एसोसिएशन ने अधिकारियों की समस्याओं को सदैव ही गंभीरता से लिया है। जिसके फलस्वरूप कई बड़े मुद्दों पर हम कामयाबी हासिल कर सके हैं। कार्यक्रम में ओए जोनल प्रतिनिधिः- राकेश सिंह ठाकुर, प्रदीप मेनन, डीपीएस बरार, एम.ए.आर. शरीफ, पिजूस सेन, निखिल पेठे, शोवन घोष, राधाकिशुन, अभिषेक कोचर, एस सी साहू, पी सी राउल, मिलिंद कुमार बंसोड़, अमित कुमार सिंहा, बी.एस. मान, एस.के. मालवीय, अजय कुमार चौरसिया, राजेन्द्र मंत्री, निमेष कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**दुर्ग पुलिस के कार्यों की प्रशंसा भी की**

# श्रद्धालु वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट लगाएं : पं. प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




शिव महापुराण में पहुचे करीब दो लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं को वाहन चालते समय हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की अपील मंच से कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर पर वाहन चालको को वाहन चालन के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने के लिए जागकरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी सुखनंदन राठौर, वेदव्रत सिरमौर के मार्ग दर्शन और डीएसपी सतीश ठाकुर संदानंद वध्यिंराज के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे फॉलो गुड हेबिटस अभियान के तहत लगातार विगत 20 दिनो से 21 डे चैलेंज की जानकारी जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही है।अम्लेश्वर मे हो रहे शिव महापुराण कथा के छठे दिन कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा महाराज द्वारा कथा सुनने पहुचे दो लाख श्रद्धालुओं को दुर्ग पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम फॉलो गुड हेबिट 21 डे चैलेंज अभियान से अवगत कराया है। दो पहिया वाहन चालक के दौरान हेलतेट लगाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, सड़क हादसों से बचने के लिए ट्रैफिक नियम का पालन करने मंच के माध्यम से श्रद्धालुओ से अपील की गई। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग के जवानों द्वारा कथा सुनने आए श्रद्धालुओं को 21 डे चैलेंज की जानकारी संबंधित पॉम्प्लेट वितरण किया। दुर्ग पुलिस द्वारा विगत 20 दिनों से ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं।

# रात्रि पाली भत्ता में एनजेसीएस यूनियनों ने कर्मियों को लूटा

**भिलाई।** बीएकेएस यूनियन ने एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक में हुए वर्तमान रात्री पाली भत्ता समझौता को अवैध बताते हुए कहा है इसमे आम सहमती की जगह बहुमत का आधार पर निर्णय लिया गया है । आरोप लगाया है कि सब कमेटी का सभी सदस्य अवैध है क्योकि एक भी सदस्य निर्वाचित नही है । बीएकेएस के महासचिव अभिषेक सिंह ने जारी बयान में कहा है कि सबकमेटी सदस्य इंटक नेता हरिजित सिंह एक आडियो में कबूल किया है कि हमलोग 320 रुपया प्रति रात्री पर अड़े हुए थे । अब वही हरिजित सिंह 180 रुपया पर हस्ताक्षर कर रहे हैं । उन्होंने नाईट एलाउंस को नुकसानदेह बताते हुए कहा कि आयकर छूट का लाभ का दिखावा कर सेल प्रबंधन को प्रचंड लाभ दिया गया है । जब वेतन समझौता जनवरी 2017 से प्रभावी है तथा तथाकथित एमओयू भी अक्टूबर 2021 मे हुआ था तो रात्री पाली भत्ता को जून 2024 से प्रभावी कर एनजेसीएस नेताओ ने सेल प्रबंधन को करोड़ों रुपया का फायदा कराया है एक कर्मचारी द्वारा औसतन किया गया वार्षिक रात्री पाली ड्युटी - 110 दिन 2017 से मई 2024 तक किया गया औसतन रात्री पाली ड्युटी -820 दिन 180 रुपये का हिसाब से एक कर्मचारी को हुआ नुकसान 73800 रुपया का नुकसान होगा। समझौता से सेल प्रबंधन को 258 करोड़ रुपया की बचत हुई है।




**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

**जीवन ज्योति क्लीनिक** डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतेगी भाजपा : राजेंद्र



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ में भी जीतेंगे 11 की 11 सीटें एक्जिट पोल के नतीजे आश्चर्यजनक नहीं हैं। पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र शर्मा ने लोकसभा चुनाव 2024 के एक्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रारंभ से लग रहा था, कि पूरे देश की जनता का आशीर्वाद भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश की जनता चाहती है कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार देश की बागडोर संभालें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पूरे देश का वातावरण भाजपा के पक्ष में था, छत्तीसगढ़ में भी अच्छा वातावरण था। एक्जिट पोल में छत्तीसगढ़ की सभी 11 की 11 सीटें भाजपा को दी जा रही हैं। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ ही नहीं अन्य प्रदेशों में भी भाजपा के पक्ष में वातावरण दिखाई दे रहा है, इसलिए एक्जिट पोल में एनडीए को बढ़त आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरी 11 की 11 सीटें भाजपा को मिल रही हैं।

### ओंकार ने 16वीं बार किया रक्तदान

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी ओंकार साहू ने 16वीं बार रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान को पुण्य कार्य बताया एवं दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। श्री साहू ने कहा कि रक्तदान पुनीत कार्य है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करने की जरूरत है। अपना ब्लड देकर दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए लोगों की जागरूकता सराहनीय है। रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित होना चाहिए या अनुकरणीय है।

### अधजली लाश मिली

**अंडा।** एक व्यक्ति की लाश अंडा शराब भट्ठी गौठान के पास मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अंडा के गौठान के तार घेरा के पास अधजली डीकंपोज हो चुका एक शव पुलिस को मिला है। मौके पर पहुची पुलिस और क्राइम और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुची थी। बताया जा रहा है कि शव को देख लग रहा है कि पहले हत्या कर सबूत को मिटाने के लिए जलाकर फेंका गया होगा। सोशल मीडिया में वायरल कर आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### ट्विनसिटी में दोपहर बारिश गर्मी से मिली थोड़ी सी राहत

**भिलाई।** रविवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह से तेज धूप निकली और दोपहर होते-होते आसमान बरस भी गई। हल्की बारिश ने ट्विनसिटी के लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत प्रदान की। जिसकी वजह तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान दो दिन पहले 46 डिग्री सेल्सियस था वह रविवार को 42.4 डिग्री सेल्सियस तक आ गिरा। मौसम विभाग ने 3 जून को भी हल्की बारिश की संभावना जताई है। प्री मानसून की दस्तक है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून अरब सागर के मध्य भाग, लक्षद्वीप के शेष भाग और केरल के शेष भाग, तमिलनाडु, कर्नाटक के कुछ भाग, रायल सीमा और आंध्र प्रदेश दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के बचे हुए भाग, मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग में पहुंच चुका है। मानसून के उत्तर सीमा बेंगलुरू, चित्रदुर्गा, नेल्लौर और इस्लामपुर है। मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई।

### ट्रेडिंग के नाम पर 1.58 करोड़ की धोखाधड़ी

**भिलाई।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि हुडको निवासी सुरेश चिदंबरम ने शेयर मार्केट में ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से अज्ञात मोबाइल धारक ने 1 करोड़ 58 लाख रुपए का ठगी किया। पीड़ित बैंक ऑफ बडौदा से सेवानिवृत्त कर्मी है। पीड़ित के वाट्सप नंबर पर अज्ञात मोबाइल धारक ने एक लिंक भेजा । पीड़ित ने जिसे तुरंत ओपन कर दिया।

# मतगणना की तैयारियां परखने लाइवलीहुड कॉलेज में किया मॉकड्रिल







**बालोद।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना तिथि 04 जून को मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सोमवार को मतगणना स्थल लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि मतगणना तिथि 04 जून को मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 06 बजे मतगणना कक्ष में पहुँचना अनिवार्य है। स्ट्रांग रूम सुबह 07 बजे के खुलने के साथ ही सुबह 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ हो जाएगी। इस दौरान स्ट्रांग रूम से आने वाली ईव्हीएम मशीनों की निगरानी कैमरों से की जाएगी। मॉक ड्रिल के दौरान जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ, अतिरिक्त एआरओ सहित अन्य अधिकारियों के अलावा मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे पीड़ित

# दल्लीराजहरा सहित अंचल में आवारा कुत्तों का आतंक, रोज आ रहे डॉग बाइट के दर्जनों मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर के वार्ड क्रमांक 4 और 25 के अलावा शहर के अधिकांश क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। लगातार आवारा कुत्ते प्रतिदिन दर्जनों लोगों को काट रहे हैं। कुत्ते के काटने की वजह से प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में पीड़ित पहुंच रहे हैं। वहीं, लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

दल्लीराजहरा शहर का ऐसा कोई मोहल्ला या गली नहीं है, जहां आवारा कुत्ते न हों। शहर के सड़कों से लेकर छोटी-छोटी गलियों और मोहल्लों में इनका आतंक चल रहा है। आए दिन हर मोहल्ले-गली में किसी न किसी को काटते हैं। लगातार आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार नगर पालिका इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रही है। इसके कारण डॉग बाइट के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं साथ ही कुत्तों की संख्या भी से बढ़ रही है।



#### नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाना आवश्यक

नगर पालिका के आकड़ों के मुताबिक ही दल्लीराजहरा शहरी क्षेत्र में सैकड़ों कुत्ते हैं। इनकी संख्या से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि इन्हें पकड़ा नहीं गया और संख्या नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो दल्लीराजहरा शहरवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने आएगा। वैसे अभी भी यह डाग बाइट करते हुए लोगों को परेशान ही करने का काम कर रहे हैं। दल्लीराजहरा शहर की गली मोहल्लों में आवारा कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है। दल्लीराजहरा के जैन मंदिर के सामने और विभिन्न चौक-चौराहें में कुत्तों का झुंड आक्रमक होता है जो बाइक सवार, पैदल राहगीर या चारपहिया वाहनों के पीछे दौड़ते हैं, इसकी वजह से कई बार दुर्घटना का शिकार भी होते हैं। यह हाल शहर व ग्रामीण अंचल दोनों जगहों में है। लगातार बढ़ रहे कुत्तों के हमले को लेकर लोगों का यह कहना है कि मांस मटन की दुकानें इसका बड़ा कारण है। इन दुकानों के संचालकों द्वारा दुकान से निकले अपशिष्ट को जहां तहां फेंक दिया जाता है। अपशिष्ट को लेकर कुत्तों में लड़ाइयां होती रहती हैं और यह आक्रमक रवैया अपनाने लगते हैं। धीरे-धीरे इनका आक्रमक रवैया लोगों के खिलाफ में भी देखने को मिलता है। परिणाम स्वरूप डाग बाइट के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं।

#### शहर के इन स्थानों से गुजरना मुश्किल, घेर कर करते हैं हमला

वैसे तो दल्लीराजहरा शहर के सभी मोहल्लों में कुत्तों का आतंक जारी है, लेकिन जैन मंदिर के सामने, गुप्ता चौक, फौव्वारा चौक, पुराना बाजार, वीर नारायण सिंह चौक, जैन मंदिर चौक, श्रम वीर चौक, बस स्टैंड चौक, रेलवे परिक्षेत्र, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र आदि मोहल्ले ऐसे है, जिनके लगभग हर गली में आवारा कुत्ते मिलते है। ये कुत्ते झुंड बनाकर रहते हैं और किसी पर भी अचानक हमला कर देते हैं। एक कुत्ते के हमला करते ही बाकी कुत्ते भी उसे घेर लेते हैं, ऐसे में उनसे बच पाना संभव नहीं हो पाता है।

#### उठाए जाएंगे कदम

आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। लगातार जांच कराई जाएगी शहर के विभिन्न वार्डों में टीम भेजी जाएगी।

**शीबू नायर,** अध्यक्ष दल्लीराजहरा नगर पालिका।

#### प्रतिदिन सामने आ रहे मामले

दल्ली राजहरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। प्रतिदिन डॉगबाइट के मामले आ रहे हैं। आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करना अति आवश्यक हो गया है।

\- **विजय ठाकुर,** मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# हरे-भरे वृक्षों पर चल रही कुल्हाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उप वनमण्डल क्षेत्र अंतर्गत बेमेतरा व साजा वन परिक्षेत्र में गुपचुप ढंग से हरे-भरे पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाकर निर्ममता से काटा जा रहा है। इसमें बबूल के साथ फलदार, छायेदार व बहुमूल्य प्रतिबन्धित वनों की लकड़ी भी तस्करी की जा रही है।

■ बेमेतरा व साजा वन परिक्षेत्रों में बड़ी संख्या में काटे जा रहे पेड़

जिले के विभिन्न तहसील अंतर्गत कई लकड़ी आरामिल संचालित है, जिनमें से कई के गोदामों व खुफिया जगहों पर प्रतिबंधित लकड़ियों का अवैध स्टॉक दिखाई दे रहा है। वहीं, इस सम्बंध शासन द्वारा प्रतिबन्धित पेड़-पौधे के कटने पर वन विभाग कार्रवाई कर पा रहा है और न ही परिवहन पर तहसील व राजस्व अमले के ऑफिसर कोई एक्शन कर पा रहे हैं। आलम यह है कि ज़िले के विभिन्न हरे-भरे इलाकों में दिनदहाड़े कुल्हाड़ी चलाकर उसे प्रशासन की नाक के नीचे से खुफिया जगहों पर ले जाकर स्टोर करके रख रहे हैं। इसकी जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार प्रशासन द्वारा कार्रवाई में पीछे नज़र आ रहे हैं। राजस्व व तहसील अमले की उपस्थिति होने के बावजूद वन माफियाओं में शासन-प्रशासन के प्रति जरा भी खौफ नहीं है। चूंकि इस कारनामे से क्षेत्र में पर्यावरण असंतुलन की स्थिति पैदा हो रही है। वहीं, प्रकृतिप्रेमियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी बढ़ने लगी है।

# बेरला क्षेत्र में चुनावी हार-जीत को लेकर सट्टेबाजी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला थाना अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण अंचल में चुनावी हार-जीत को लेकर सट्टेबाजी का ताज़ा मामला सामने आ रहा है। इसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे क्षेत्र के सटोरियों द्वारा बकायदा लोकसभा चुनाव 2024के परिणाम एवं सत्तापक्ष व विपक्ष की सीटों पर जीत के आंकड़े को लेकर अटकलों व अनुमान के आधार पर गैरकानूनी दांव लगा रहे हैं। इस प्रतिबन्धित खेल के लिए सटोरिए 4 जून 2024 को मतगणना के रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है, इन सटोरियों द्वारा सत्तापक्ष-विपक्ष की हर सीट पर पैनी नजरों के साथ हॉटस्पॉट सीट पर नेताओं की जीत-हार से लेकर मतों के अंतर पर भी सट्टेबाजी की कीमत लगाई गई एवं मोल-भाव भी किया जा रहा है। वहीं, आज सुबह से मतगणना के साथ सट्टेबाजी के भाव गिरते-उठते दिखाई देने की गुंजाइश लग रही है। हालाँकि इस पर पुलिस प्रशासन की खुफिया विभाग, गोपनीय रिपोर्ट सूचक व मुखबिर तन्त्र पूरी तरह फैल व नतमस्तक नज़र आ रहे हैं। जिसका फायदा बेरला नगर-क्षेत्र के सटोरिए बखूबी उठा रहे हैं। सूत्रों की मानें, तो समूचे ज़िले में बेरला नगर व कुसमी, सरदा, सहित अन्य कई ग्रामीण क्षेत्र इस चुनावी सट्टेबाजी की गिरफ्त में है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### साहू समाज के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री साव से की भेंट...



**बेमेतरा।** नवागढ़ तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष विजय साहू, मनीष साहू सरपंच, त्रिलोक साहू, चन्द्रशेखर, धनुष, राजकुमार, हितेश, दिपक, अरुण साहू सहित साहू समाज के युवा उपस्थित रहे।

# पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे मोदी : विधायक दीपेश

**बेमेतरा।** लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा चुनाव सात चरणों में पूर्ण हो गया है, जिस पर भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाती हुई नजर आ रही है। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि अंतिम चरण में मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर भारतीय जनता पार्टी का संगठन पूरी तरह से तैयार है।



सभी को पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में सभी 11 की 11 सीटों पर भाजपा को एक बड़ी जीत हासिल होने जा रही है। साथ ही 400 पर का नारा लेकर चल रही भाजपा निःसंदेह पूर्ण बहुमत के साथ पूरे भारत की बागडोर संभाल कर देश को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर करेगी। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक भाजपा का डंका बजाने वाला है। एवं छत्तीसगढ़ में सभी सीट का डबल इंजन की सरकार को और गति प्रदान होने वाली है। विधायक ने कहा कि भाजपा अंत्योदय की भावना से काम करने वाली पार्टी है। देश या राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुनः सरकार बनाने में भाजपा का सक्सेस रेट 100% रहा है। 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जिस तरह से विकास हो रहा है वह अविस्मरणी है।

युवा, महिला, व्यापारी किसान, श्रमिक सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजना बनाकर सफलतापूर्वक उनका क्रियान्वयन करते हुए देश की जनता ने मोदी सरकार को देखा है। उसी के परिणाम स्वरुप जनता ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा कर पार्टी को वोट दिया है। जिससे पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है ।

# तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी : ईश्वर

### साजा विधायक ने कहा- एग्जिट पोल ने 400 पार के दावे पर लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल पर प्रक्रिया देते हुए कहा कि शुरू से ही लग रहा था कि पूरे देश की जनता का आशीर्वाद भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिल रहा है और उसी बात पर कई न्यूज़ चैनलों की एग्जिट पोल की रिपोर्ट ने मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर केन्द्र में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बन रही है। श्री साहू ने कहा कि पूरे देश की जनता चाहती कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार देश की बागडोर संभालें। चुनाव के दौरान पूरे देश का वातावरण भाजपा के पक्ष में बना है। छत्तीसगढ़ में भी अच्छा वातावरण था। एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ की सभी 11 से 11 सीट बीजेपी को मिल रही हैं। विधानसभा चुनाव में 2023 में मोदी की गारंटी पर विश्वास करके छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को सत्ता की बागडोर सौंपी है। उसके बाद मात्र 100 दिनों के भीतर में मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम छत्तीसगढ़ की सरकार ने किया है। मोदी पर पहले ही विश्वास था कि और 100 दिनों में जो सरकार ने काम किया उसे जनता का विश्वास और बढ़ गया।



#### सभी वर्गों के लिए एनडीए सरकार ने किया काम

साजा विधायक ने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने जिस तरीके से विकास कार्यों को किया है, वह अविस्मरणीय है। सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजना बनाकर सफलतापूर्वक उनका क्रियान्वयन करते देश की जनता ने मोदी सरकार को देखा है।

उसी के परिणाम स्वरुप जनता ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा कर भाजपा को वोट दिया, जिससे पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि 4 जून का इंतजार कीजिए, दुर्ग लोकसभा के साथ छत्तीसगढ़ की पूरी 11 की 11 सीटें बीजेपी की झोली में जाएंगी और 400 पार के के आंकड़े को हासिल कर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रचेंगे।

